

02

# आज समाज

www.aajsamaaj.com

04



नई दिल्ली, पृष्ठ-04, रविवार, 13 अगस्त 2023

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

विक्रमी संवत 2080, मास-श्रावण, कृष्ण पक्ष त्रयोदशी, मूल्य, 2.00 रुपए


## अग्रवाल महाविद्यालय में मनाया पुस्तकालय दिवस



बल्लभगढ़। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत के दिशा निर्देशन में पुस्तकालय दिवस मनाया गया। संपूर्ण राष्ट्र शनिवार को फादर ऑफ लाइब्रेरी साइंस पदमश्री डॉ. एसआर रंगानाथन के जन्मदिवस को अंतराष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मना रहा है। इस अवसर पर महाविद्यालय के लर्निंग रिसोर्स सेंटर में पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया जिसमें देश विदेश के जाने माने साहित्य पुरस्कार विजेता लेखकों की पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई गई। लाइब्रेरियन डॉ. राम चंद्र ने विद्यार्थियों को लाइब्रेरी में उपलब्ध अखबार, मैगजीन, ग्रंथ के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से लाइब्रेरी में उपस्थित होकर साहित्य पढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कमल टंडन, डॉ. केएल कौशिक, डॉ. नरेश कामरा, डॉ. पूजा सैनी, डॉ. सुप्रिया, सुभाष केलोरिया मौजूद रहे।